पशु चारा

भेड़ और बकरियां लगभग सभी प्रकार की वनस्पति खा सकती है। ये पेड़ों की पत्तियों से लेकर घास तक चरती है। बकरियों में रेशेदार चारे को पचाने की क्षमता अधिक होती है। बकरियां फोग, आक, बेर, बबुल, गुलर, खेजड़ी, नीम व बोरड़ी आदि की पत्तियां खाना अधिक पसन्द करती है। वैसे बकरी और भेड़ रिजका, बरसीम की पत्तियां व हाथी घास को भी बड़े चाव से खाती है। बकरियां अपने शारी. रिक भार का 3–3.5 प्रतिशत शुष्क पदार्थ खा जाती है। बकरियों को उत्पादन क्षमता एवं शारीरिक वृद्धि के लिये शुष्क पदार्थ के अतिरिक्त मिश्रण में दाना निम्न प्रकार के तत्व होने चाहियेः

दाना मिश्रण (प्रतिशत)

चना	15
जौ–मक्का	37
मुंगफली या खल	25
गेंहू का चोकर	20
खनिज लवण	2.5
साधारण लवण	0.5

उम्र/माह मात्रा प्रतिदिन

छोटे मेमने का (4 माह से कम उम्र वाले)	100–200 ग्राम
4 माह से ग्याभिन होने तक	200–300 ग्राम
दूध देने वाली बकरी को	400–500 ग्राम
ग्याभिन/सूखी बकरी	300–400 ग्राम
बीजू बकरा	500–700 ग्राम

सत्यमेव जयते
NATIONAL RAINFED AREA AUTHORITY
FIAT PANIS
सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan
URMUL TRUST